### टुल्लू पंप लगा रहे, टैंकरों का भी पता नहीं: नपा की ढिलाई बरकरा

## गर्मी बढ़ते ही नगर में पानी का संकट गहराने लगा, नागरिक त्रस्त

**शहडोल।** बढ़ती गर्मी के साथ नगर के अंदर भी पानी का संकट गहराता जा रहा है। लोग पानी के लिए सुबह शाम डिब्बा बाल्टी लिए भटकते नजर आते हैं। इस समय व्यवस्था बनाने की सर्वाधिक आवश्यकता है, लेकिन नगरपालिका में कोई ध्यान देने वाला अधिकारी नहीं मिलता है। वार्ड पार्षद भी हाथ खड़ा कर देते हैं। वार्ड नंबर 14, 17, 19, 22, 33, 34 आदि सहित कई वार्डों में पानी का घोर संकट छाया हुआ है। वर्तमान समय में लगभग 11 टंकियों से पानी का वितरण किया जा रहा है, इसके बावजूद पानी का हाल बे हाल है। सोहागपुर, पाण्डवनगर की भी कुछ बस्तियों में पानी का घोर संकट है। लोग वाटर सप्लाई के समय टुल्लू पंप लगाकर पानी खींचने का प्रयास करते हैं लेकिन नगरपालिका धरपकड़ की कार्रवाई नही कर रही है। नगरपालिका में 6 टैंकर हैं लेकिन उनकी हालत खस्ता है, उनके माध्यम से भी पानी का वितरण नहीं हो पा रहा है। नागरिक चिंतित हैं कि अभी यह हाल है तो आने वाले भीषण गर्मी के महीने में क्या हाल होगा? न तो पानी की टंकियों से सप्लाई हो पा रही है और न टैंकर आ रहे हैं। नागरिकों के पास केवल हैण्डपंपों का सहारा रह जाता है।





#### बढ़ता जा रहा जल संकट

नगर के वार्डों का विस्तार कर 34 से 39 वार्ड कर दिये गए हैं, लेकिन उस अनुरूप व्यवस्थाएं नहीं की जा रहीं हैं। इन दिनों नगर के कई वार्डों में पानी की किल्लत देखी जा रही है। एक तो नाम मात्र को सप्लाई होती है, पतली धार के साथ पानी आता है फिर ऊपर से मुश्किल से आधा या पौन घंटे में नल बंद कर दिया जाता है। लोग अधिक से अधिक पानी लेने के लिए टुल्लू पंप का उपयोग करते हैं जिससे आगे दूसरों को पानी नहीं मिल पाता है। इस संकट के कारण आए दिन लोगों में पानी के लिए विवाद होता है। ज्ञातव्य है कि पानी के संकट के समाधान के लिए नगर में 5 नई टंकियों का निर्माण कराया गया था। इसके बावजूद पानी का संकट कम नहीं हुआ। सोहागपुर में कोनी में पानी की टंकी बनी है, लेकिन कोनी की कुछ आदिवासी बस्तियों में पानी नहीं पहुंच रहा है। सोहागपुर और पाण्डवनगर की बस्तियों में तो नलों की पाइप लाइन की भी कमी है।

#### टैंकरों का भी सहारा नहीं

पूर्व में जिन वार्डों में पानी की समस्या होती थी वहां टैंकर भेज कर जल आपूर्ति कराई जाती थी, नागरिकों को पानी की समस्या का सामना नहीं करना पड़ता था। लेकिन इधर कुछ वर्षों से यह व्यवस्था छिन्न भिन्न हो गई है। टैंकर गिनती में तो छह हैं लेकिन उनमें से कुछ स्थाई रूप से खराब पड़े हैं नगरपालिका उनकी मर मत नहीं करा रही है। इसके अलावा टैंकरों के लिए नगरपालिका के पास चालक नहीं हैं। वह पानी भेजने की व्यवस्था नहीं कर पाती है। शादी-व्याह के मौसम में भी लोग टैंकरों को किराए पर लेकर पानी की आवश्यकता को पूरा करते हैं लेकिन अब तो यहां भी कठिनाई से ही व्यवस्था हो पाती है। बताया गया कि कर्मचारी टैंकरों को भरने की भी आवश्यकता नहीं समझते हैं, टैंकर भरे कौन चालक के साथ कोई कर्मचारी नही रहता है।

#### सडक़ों पर बह रहा पानी

एक ओर पानी की इतनी मारामारी मची हुई हैं और दूसरी ओर नगर की जर्जर टूटी फूटी पाइपों से पानी सडक़ों पर बर्बाद होता रहता है। नगरपालिका को बार बार सूचना दी जाती है तब कहीं जाकर पाइप की लीकेज ठीक की जाती है। लोगों का यह भी कहना है कि टंकियों की सं या भले ही बढ़ गई हो लेकिन टंकियों के लिए न तो पर्याप्त स्टाफ है और न सुचारू रूप से व्यवस्थाएं की जातीं हैं। टंकियां पर्याप्त नहीं भरी जातीं हैं, उनकी साफ-सफाई भी एक अर्से से नहीं की गई है। इसके अलावा सरफा में आए दिन तकनीकी खराबी आ जाती है। नगरपालिका नागरिकों से जल कर प्रतिमाह 100 रुपए वसूल रही है लेकिन वाटर सप्लाई की हालत में सुधार नहीं कर रही है। वार्डों में हैण्डपंप लगे हैं लेकिन वे भी जर्जर और खराब हो गए हैं, अधिकांश का पानी दूषित हो चुका है।

#### नियमित सप्लाई नहीं होती

बताते हैं कि वार्ड नंबर 14 में पेयजल सप्लाई की हालत ऐसी है कि नल कभी आते हैं तो कभी नहीं आते हैं। नलों से यहां नियमित पानी नहीं मिल पा रहा है। जबकि यह वार्ड शहर के मध्य स्थित है, बताते हैं कि यहां जयस्तंभ स्थित पानी टंकी से सप्लाई दी जाती है जो कि अधिक दूर भी नहीं है लेकिन इसके बावजूद पानी की कठिनाई है। इसके अलावा नलों में फोर्स भी बहुत कम रहता है। एक घंटे की सप्लाई में लोग मात्र चार-छह बाल्टी पानी ही ले पाते हैं। इसके अलावा यहां हैण्डपंपों की स्थिति भी ठीक नहीं है। एक तो हैण्डपंपों की संख्या बहुत कम है और फिर उनका पानी दूषित रहता है। एक दो हैण्डपंप गिर भी चुके हैं। इस वार्ड में अभी तक टैंकर नहीं भेजा गया है।

### घर से फोटो कॉपी कराने निकली दो बच्चों की मां प्रेमी के साथ फांसी पर झूली

## प्रेमी के साथ फंदे पर झूली दो बच्चों की मां: प्रेम, पीड़ा या सामाजिक बंदिश

**जयसिंहनगर** । शहडोल जिले के जयसिंहनगर थाना क्षेत्र के बंधा गांव के मउहार टोला में एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। जहां दो बच्चों की एक मां अपने प्रेमी युगल एक साथ आत्महत्या कर ली, दोनों ने महुआ के पेड़ पर फांसी लगाकर जान दे दी। महिला अपने पीछे दो बच्चों को छोड़कर अपने आशिक के साथ चल बसी इधर मामले की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची शो को उतरवाने के बाद पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी की गई और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।



जयसिंहनगर पुलिस के अनुसार, मृतक युवक संदीप सिंह गोंड, जयसिंहनगर थाना क्षेत्र के बसनगरी गांव का निवासी था, वहीं महिला संगीता सिंह, जो सीधी जिले के झगड़ा गांव की रहने वाली थी, अपने पति की मृत्यु के बाद अपने दो बच्चों के साथ ससुराल में रह रही थी, बताया जा रहा है कि संगीता अपने ससुराल में फोटो कॉपी करने के नाम से घर से निकली थी ,जो कि घर वापस नहीं लौटी बल्कि अपने प्रेमी संदीप के साथ कही चली गई थी, जयसिंहनगर थाना क्षेत्र के बंधा गांव के पास महुआर टोला में एक महुआ के पेड़ से लटककर आत्महत्या कर ली, घटना की सूचना मिलते ही जयसिंहनगर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को पेड़ से नीचे उतारकर पंचनामा तैयार किया, पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। संदीप और संगीता के बीच प्रेम संबंध था, दोनों ने आखिरकार कर्म से एक साथ मिलकर या कदम उठाया यह अभी जांच का विषय है पुलिस ने यह जरूर बताया कि परिजनों के बयान से स्पष्ट हुआ है कि महिला कुछ दिन पहले फोटोकॉपी कराने के नाम से घर से बाहर निकली थी और फिर वापस नहीं लौटी, पति की मौत के बाद वह एकाकी जीवन व्यतीत कर रही थी, इसी दौरान उक्त युवा के संपर्क में आई थी, दोनों के प्रेम प्रसंग की चर्चा कुछ लोगों में जरूर थी, लेकिन किन कारण से इतना बड़ा कदम इन दोनों ने उठाया है यह भी स्पष्ट नहीं हो पाया है, पुलिस फिलहाल पोस्टमार्टम प्रक्रिया पूरी करवा कर शव परिजनों को देने में उलझी रही आने वाले दिनों में मौत के कारणों का भी खुलासा जांच के बाद किए जाने का दावा पुलिस ने किया है।

#### इनका कहना है

महुआ के पेड़ एक महिला और एक युवक का शव फांसी के फंदे में झूलता मिला है। प्रथम दृष्टया प्रेम प्रसंग का मामला लग रहा , मामले में मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है।

**एसपी चतुर्वेदी,**
थाना प्रभारी
जयसिंहनगर

## आदिवासी क्षेत्र में क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी का विरोध

**उमरिया।** जिले के पाली जनपद क्षेत्र में आवंटित कोल ब्लाक की जनसुनवाई के लिए क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी मुकेश श्रीवास्तव का ग्रामीणों ने विरोध शुरू कर दिया है। ग्राम रौगढ़ के बैगा आदिवासियों का कहना है कि क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी मुकेश श्रीवास्तव आदिवासियों की बात ढंग से सुनते ही नहीं हैं और उनका हाव-भाव ऐसा रहता है जैसे आदिवासी इंसान ही न हों। यहां के आदिवासियों का कहना है कि 24 मई को होने वाली जनसुनवाई के पहले क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी को बदला जाना चाहिए। वर्तमान अधिकारी निजी कंपनियों के हिसाब से जनसुनवाई करते हैं और उन पर उन्हें बिल्कुल भी भरोसा नहीं है।

#### खराब रहा अनुभव: यह आरोप लगाया जा रहा है कि पिछले दिनों ग्राम शाहपुर में भी जनसुनवाई हुई थी और

इस दौरान क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी ने आदिवासियों को धमकाने का प्रयास किया था। नत्थू बैगा, सियाराम बैगा, राकेश चौधरी, हनुमान सिंह, कृष्णपाल बैगा सहित कई लोगों ने आरोप लगाया है कि क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी मुकेश श्रीवास्तव पहले से ही तय कर लेते हैं कि किन लोगों को जनसुनवाई में बोलने देना है। जब सब कुछ पहले से ही तय हो जाता है तो फिर जनसुनवाई के लिए दिखावा करने की क्या आवश्यकता है।

#### होनी है जनसुनवाई: रामा सीमेंट

इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड को मरवाटोला ओसी एवं यूजी कोयला खदान, एरिया 1200 हेक्टेयर आवंटित किया गया है। जिसकी क्षमता 1.5 एमटीपीए है। यह खदानें ग्राम-मालाचुआ, रौगढ़, आमगार, औवेरा, तहसील-पाली, जिला उमरिया (म.प्र.) में प्रस्तावित हैं।




## शहडोल में साइबर ठगी का बड़ा खुलासा: बेरोजगार युवाओं से खुलवाए जा रहे थे फर्जी अकाउंट, अंतरराज्यीय ठगों को बेचे जा रहे थे खाते

**शहडोल।** देशभर में तेजी से पैर पसार रही साइबर ठगी की घटनाएं अब छोटे शहरों और जिलों तक भी पहुंचने लगी हैं। ताजा मामला मध्यप्रदेश के शहडोल जिले से सामने आया है, जहां बेरोजगार युवकों को चंद पैसों का लालच देकर उनके दस्तावेजों के जरिए फर्जी बैंक खाते खुलवाए गए और इन खातों को अंतरराज्यीय साइबर अपराधियों को बेचा गया। यह पूरा रैकेट बुढार थाना क्षेत्र में सक्रिय था, जिसकी परतें एक-एक कर अब खुलने लगी हैं।






#### कैफे संचालकों को बनाया गया शिकार

शहडोल जिले के बुढार थाना क्षेत्र स्थित हीरा कॉलोनी के पास 'एवेरी फ्रेस कैफे' नाम से एक इंटरनेट कैफे संचालित करने वाले दो युवकों हीरेन्द्र विश्वकर्मा और अभिषेक पनिका ने पुलिस को बताया कि उनके पास कुछ युवक पहुंचे, जिन्होंने खुद को एक वेबसाइट का एजेंट बताते हुए क्यूआर कोड बनाने के नाम पर संपर्क किया। इन युवकों, संगम मिश्रा और ऋषि चौधरी ने कैफे संचालकों से उनके आधार कार्ड, पैन कार्ड और अन्य जरूरी दस्तावेज लिए और कहा कि ऑनलाइन अकाउंट खोलना जरूरी है। चंद पैसों के बदले ये दस्तावेज लेकर उन्होंने नया बैंक खाता खुलवाया।

#### खातों की बिक्री, और साइबर ठगों का उपयोग

जांच में सामने आया कि खुलवाए गए यह खाते राजीव सिंह परिहार और ऋषि चौधरी नामक व्यक्तियों को सौंपे गए। फिर ये लोग इन खातों को यूपी, बिहार, पश्चिम बंगाल और हरियाणा जैसे राज्यों में सक्रिय साइबर अपराधियों को बेचते थे। इन खातों का उपयोग ठगी की रकम ट्रांसफर करने में किया जाता था। यानी देश के किसी भी हिस्से में हुई ऑनलाइन ठगी की रकम, शहडोल में फर्जी तरीके से खोले गए खातों में पहुंचाई जाती थी।

#### पुलिस की कार्रवाई में दो गिरफ्तार, मास्टरमाइंड हरियाणा पुलिस की गिरफ्त में

इस पूरे मामले की शिकायत मिलने पर बुढार पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की और पाया कि साइबर ठगों के इस नेटवर्क में शहडोल के ही कुछ बेरोजगार युवक शामिल हैं, जो थोड़े पैसे के लालच में साइबर गिरोह का हिस्सा बन चुके थे। पुलिस ने इस मामले में राजीव सिंह परिहार, ऋषि चौधरी, आदित्य मिश्रा और सैराभ कोरी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इनमें से आदित्य मिश्रा और सैराभ कोरी को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि अन्य की तलाश जारी है।

वहीं इस रैकेट का मास्टरमाइंड राजीव सिंह है, जो हरियाणा, बिहार और अन्य राज्यों में करोड़ों की साइबर ठगी का संचालन कर रहा था। हरियाणा पुलिस ने पौने दो करोड़ रुपये की साइबर ठगी के एक मामले में राजीव सिंह को शहडोल से गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई है।

#### पुलिस कर रही जांच, कई राज्यों से जुड़े तार

बुढार थाना प्रभारी ने बताया कि यह एक सुनियोजित नेटवर्क है, जो शहडोल जैसे जिले से लेकर देश के कई बड़े शहरों तक फैला हुआ है। प्रारंभिक जांच में कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं और गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश की जा रही है।

थाना प्रभारी ने यह भी बताया कि कुछ लोग स्कैनर और क्यूआर कोड बनाने के बहाने लोगों के दस्तावेज लेकर उनके नाम से ऑनलाइन खाते खोल रहे थे और इन खातों का दुरुपयोग किया जा रहा था। पीड़ितों की शिकायत पर मामला दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। आगे की जांच में और भी लोगों की संलिप्तता सामने आ सकती है।

#### पुलिस की अपील

शहडोल पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी अंजान व्यक्ति को अपने निजी दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक आदि न दें। क्यूआर कोड या डिजिटल लेनदेन के नाम पर मिलने वाले किसी भी प्रस्ताव या योजना को अच्छी तरह जांच परख कर ही स्वीकार करें। साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों का भी कहना है कि साइबर अपराधी अब बेरोजगारी और जागरूकता की कमी का फायदा उठाकर युवाओं को मोहरा बना रहे हैं। ऐसे में समय रहते सचेत रहना और जागरूकता ही सबसे बड़ा बचाव है।

## मनीष होंगे महाप्रबंधक संचालन, सोहागपुर कोयलांचल कर्मचारियों में हर्ष



**धनपुरी।** वित्त वर्ष समाप्त होने के पश्चात एसईसीएल मुख्यालय द्वारा जारी आदेशानुसार सोहागपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक संचालन का स्थानांतरण कोरबा क्षेत्र की मानिकपुर ओपन कास्ट में किया गया उनके स्थान पर तकनीकी सचिव सीएमडी बिलासपुर मनीष श्रीवास्तव का स्थानांतरण सोहागपुर महाप्रबंधक संचालक के रूप में किया गया है। वह पूर्व में भी सोहागपुर क्षेत्र में 1994 से 2010 तक न्यू अमलाई में सहायक प्रबंधक उसके पश्चात शारदा ओपन कास्ट में सुरक्षा अधिकारी के पद पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं।



सरल एवं कर्तव्य निष्ठ तथा कर्मचारियों में काफी लोकप्रिय थे साथ में काम करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों में एक उत्साह की लहर है। संभवतः जून माह में सोहागपुर एरिया के महाप्रबंधक पी श्री कृष्णा का रिटायरमेंट हो रहे है तो कहीं ऐसा हो कि इन्हें ही सोहागपुर महाप्रबंधक का ताज मिल जाए। सोहागपुर एरिया में ऐसे ही कर्तव्य निष्ठ अनुभवी महाप्रबंधक की सख्त जरूरत भी देखी जा रही है। कोयला उत्पादन टारगेट के साथ-साथ अच्छे डिसीजन की जरूरत जरूर देखी जा रही है कई विभाग में दमदार अधिकारियों की जरूरत महसूस की जा रही है।



# 10 से अधिक अवैध कोयला खदानों को पाटा, 30 टन कोयला जब्त, 3 के खिलाफ मामला

अमलाई

शहडोल जिले के अमलाई थाना क्षेत्र में काले हीरे यानी कोयले की अवैध खुदाई पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कोल माफियाओं की कमर तोड़ दी है। अमलाई के बटुरा इलाके में गुफानुमा खड्डों से जान जोखिम में डालकर हो रहे अवैध कोयला उत्खनन और परिवहन को रोकने के लिए जिले की अमलाई पुलिस ने सख्त कदम 10 से अधिक अवैध कोयला खदानों को शील कर दिया है। कार्रवाई के दौरान अमलाई पुलिस ने 10 से अधिक अवैध कोयला खदानों को जेसीबी मशीनों की मदद से मिट्टी भरकर बंद करवा दिया। साथ ही लगभग 30 टन अवैध कोयला जब्त किया गया है। इस मामले में तीन कोल माफियाओं के खिलाफ भी कानूनी कार्यवाही की गई है।



शहडोल जिले के अमलाई थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बटुरा गांव में संचालित हो रही अवैध कोयला खदानों पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए उन्हें जेसीबी मशीनों की मदद से पूरी तरह बंद करवा दिया है। बटुरा क्षेत्र में कई गुफानुमा खड्डों के माध्यम से स्थानीय और बाहरी तत्व अवैध रूप से कोयले का उत्खनन कर रहे थे। बिना किसी सुरक्षा उपायों के ये खदानें चल रही थीं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती थी। इन खदानों से निकाले गए कोयले का अवैध रूप से परिवहन भी किया जा रहा था। इस पर अमलाई पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुए बटुरा क्षेत्र की 10 से अधिक अवैध खदानों को चिन्हित किया और मौके पर जेसीबी मंगवाकर इन खदानों को मिट्टी से भरवाकर बंद करवा दिया। इस दौरान करीब 30 टन अवैध कोयला भी जब्त किया गया और तीन प्रमुख कोयला माफियाओं के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की गई।पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कोयला कारोबार से जुड़े अवैध तत्वों में हड़कंप मचा हुआ है। यह कदम न केवल अवैध उत्खनन को रोकने के लिए उठाया गया है, बल्कि लोगों की सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक बड़ा संदेश है।

थाना प्रभारी अमलाई जेपी शर्मा ने कहा कि हमने बटुरा क्षेत्र में संचालित अवैध कोयला खदानों को जेसीबी से भरवाकर बंद करवा दिया है। इस तरह की गतिविधियों को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आगे भी यह अभियान लगातार जारी रहेगा। कोयला खनन से जुड़े अन्य अवैध मामलों की भी जांच जारी है। कार्यवाही के दौरान तीन ग्रामीणों के खिलाफ अवैध खनन और चोरी की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है, पुलिस ने बताया कि ग्राम बटुरा के रहने वाले कमलेश केवट,प्रेमलाल केवट तथा पूरन मेहरा के खिलाफ अवैध कोयला खनन करने के आरोप पर 4/21खनिज अधिनियम सहित बी एन एस की धारा 303 के तहत अपराध दर्ज कर लिया गया है।

## ज्वालामुखी तालाब का होगा सौंदर्यीकरण

# धनपुरी नगर पालिका के कई निर्माण कार्यों का भूमि पूजन एवं शिलान्यास

धनपुरी।

भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा के कर कमलों से,नगर पालिका परिषद धनपुरी की अध्यक्ष श्रीमती रविन्दर कौर छावड़ा, उपाध्यक्ष हनुमान खंडेलवाल,नगर पालिका धनपुरी की सीएमओ सुश्री पूजा बुनकर, परिषद के सभी सम्माननीय पार्षद गण व धनपुरी के गणमान्य नागरिकों व राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित पूर्व शिक्षक श्री मैथिलीशरण जी गुप्त की उपस्थिति में ज्वालामुखी तालाब के सौन्दर्यीकरण एवं विकास कार्य हेतु भूमि पूजन किया गया। धनपुरी के हृदय स्थल मां ज्वालामुखी माता मंदिर के प्रांगण में स्थित ज्वालामुखी तालाब का धार्मिक महत्त्व भी है लोगों की आस्था इस तालाब से जुड़ी है।



### इनका भी भूमि पूजन

इसके अलावा वार्ड क्रमांक 26 बिरसा मुण्डा जी की मूर्ति के पास (वार्ड क्र0-26 एवं 28 के मध्य) माडल रोड निर्माण,
वार्ड क्रमांक -10 त्रिमूर्ति तिराहा (वार्ड क्रमांक -9,10,12,13,14 के मध्य) माडल रोड़ निर्माण कार्य का भूमिपूजन कार्यक्रम भी नगरपरिषद भी आयोजित किया गया जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों ने सहभागिता निभाई।

### महेंद्र ने जताया आभार

ज्वालामुखी मंदिर प्रशासनिक समिति के सदस्य महेंद्र सिंह पवार ने इस पुनीत कार्य के लिए मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री मोहन यादव, केन्द्र में प्रधानमंत्री मोदी जी के साथ साथ सम्माननीय श्रीमती अमिता चपरा, रविन्द्रर कौर छावड़ा, सुश्री पूजा बुनकर सीएमओ धनपुरी नगर पालिका,नगर पालिका धनपुरी के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों,वार्ड पार्षद स्कंद सोनी व सभी उपस्थित जनो को, जिन्होंने भी इस पुनीत कार्य के लिए प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रुप से सहयोग दिया है उन सभी का भक्तिमय अभिनन्दन और स्वागत करते हुए अपेक्षा व्यक्त किया है कि आगे भी इसी तरह के कार्य में सभी का सहयोग मिलेगा,ताकि मां ज्वालामुखी माता तालाब का व पूरे परिसर का विकाश हो,और यह विकास इस प्रकार का हो जो शहडोल सम्भाग में एक अनुपम उदाहरण बन सके।

# शहडोल जिले के डॉ. गुप्ता करेंगे राष्ट्रीय रेडियोलॉजी मीट का नेतृत्व

## 20 अप्रैल को इंदौर में होगी विशेषज्ञ डॉक्टर्स की मीट



**शहडोल**/इंदौर। शहडोल जिले के ब्यौहारी क्षेत्र से संबंध रखने वाले डॉ. राजेश गुप्ता 20 अप्रैल को इंदौर में आयोजित होने जा रही इंडियन रेडियोलॉजिकल एंड इमेजिंग एसोसिएशन (IRIA) की एकेडमिक मीट एवं सी.एम.ई. 2025 के ऑर्गनाइजिंग चेयरमैन होंगे। यह शहडोल जिले के लिए गौरव का विषय है कि जिले के एक वरिष्ठ चिकित्सक को इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय मंच का नेतृत्व करने का अवसर मिला है। ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर, इंदौर में सुबह 10 बजे से आरंभ होने वाली इस शैक्षणिक बैठक में देशभर से रेडियोलॉजी क्षेत्र के विशेषज्ञ डॉक्टर्स जुटेंगे। मीट का फोकस गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल (GI) एवं हेपेटोबिलियरी इमेजिंग पर होगा, जिसमें AIIMS दिल्ली और इंदौर के विशेषज्ञ आधुनिक तकनीकों और नवीनतम शोधों की जानकारी साझा करेंगे। डॉ. गुप्ता ने बताया कि इस अवसर पर बायोप्सी डायग्नोस्टिक्स के सहयोग से इलाज की नई तकनीकों को प्रदर्शित किया जाएगा, जिससे रेडियोलॉजी क्षेत्र में काम कर रहे विशेषज्ञों को अद्यतन जानकारी प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि यह मीट देश के उभरते और अनुभवी रेडियोलॉजिस्ट्स के लिए शोध और अनुभव साझा करने का एक बेहतरीन मंच बनेगी, साथ ही युवा डॉक्टर्स को अत्याधुनिक निदान पद्धतियों की जानकारी भी मिलेगी

## अंततः चपरा परिवार का अतिक्रमण हटाने राजी हुआ जिला प्रशासन

# अतिक्रमणः डेड लाइन नहीं हो रही है तय अतिक्रमण हटने का अनशनकारियों को इंतजार

**शहडोल**। किरन टॉकीज के सामने सार्वजनिक भूमि पर चपरा परिवार के द्वारा अतिक्रमण किए जाने और उसे चौतरफा फेंसिंग लगा देने के मामले में स्थानीय नागरिकों का विरोध लगातार बढ़ता जा रहा है। बीते कई दिनों से क्रमिक अनशन पर बैठे नागरिकों अपनी मांग पर अड़े रहे, वहीं दूसरी और जिला प्रशासन ने जब सीमांकन शुरू किया तो नागरिकों को बल मिला और यह भी स्पष्ट हुआ कि शासकीय भूमि पर सिर्फ चपरा परिवार ही नहीं बल्कि चौतरफा अतिक्रमण किया गया है, प्रशासन की ओर से मौके पर पहुंची तहसीलदार ने बीते दिनों ही यह मान लिया था कि अतिक्रमण है और यह आश्वासन भी दिया कि अतिक्रमण हटाया जाएगा, लेकिन कब, यह अभी तय नहीं है प्रशासन अतिक्रमण हटाने की डेड लाइन तय नहीं कर पा रहा है जिसको लेकर नागरिकों में रोष बढ़ता जा रहा है, उनका कहना है कि जब प्रशासन अपनी ही भूमि को सुरक्षित नहीं कर पा रहा है और शासन की करोड़ों की भूमि को शासन के सुपुर्द करने के लिए नागरिकों को क्रमिक अनशन करना पड़ रहा है, ऐसी स्थिति में जब मुख्यालय में ही यह स्थिति निर्मित हो रही है तो सुदूर ग्रामों और कस्बों का हाल क्या होगा, बहरहाल लोगों को उसे दिन का इंतजार है जब प्रशासन अपने वायदे पर खरा उतरेगा और किए गए अतिक्रमण को मुक्त कराया जाएगा।




### यह हुआ अब तक

किरण टॉकीज नवदुर्गा उत्सव समिति के सदस्य एवं आम नागरिकों द्वारा शासकीय नजूल भूमि एवं पौराणिक बावड़ी में चपरा परिवार द्वारा किए जा रहे अवैध अतिक्रमण के विरोध में पिछले कई दिनों से चल रहा क्रमिक अनशन जिला प्रशासन की तरफ से सोहागपुर तहसीलदार दिव्या सिंह द्वारा धरना स्थल पहुंचकर अतिक्रमण जल्द हटाए जाने के आश्वासन के बाद अंतिम दौर पर पहुंच गया है किंतु अभी समाप्त नहीं हुआ है।

तहसीलदार दिव्या सिंह ने अनशनकारियों से बातचीत एवं कलेक्टर कमिश्नर से इस पूरे मामले में मार्गदर्शन प्राप्त करने के पश्चात बताया कि राजस्व एवं नजूल विभाग के अमले द्वारा तीन-चार दिनों तक लगातार नाप जोख एवं सीमांकन के कार्य के पश्चात प्रशासन इस नतीजे पर पहुंचा है कि चपरा परिवार द्वारा शासकीय एवं सार्वजनिक नजूल की भूमि पर अतिक्रमण किया गया है जिसे जल्द ही हटा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सीमांकन रिपोर्ट तैयार की जा रही है। अतिक्रमण हटाने की समय सीमा के संबंध में तहसीलदार ने कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों से विचार विमर्श के बाद वे जानकारी देंगी।

आंदोलन का नेतृत्व कर रहे धर्मेंद्र श्रीवास्तव ने कहां की कर्तव्यनिष्ठ कलेक्टर के निर्देशन पर तहसीलदार और उनकी राजस्व की टीम द्वारा निष्पक्ष सीमांकन किया गया है। जहां सभी नागरिक भी मौजूद थे और उसी का परिणाम है कि आज तहसीलदार ने क्रमिक अनशनकारियों से अतिक्रमण हटाने का वादा किया है।

### पौराणिक बावली को पुराने स्वरूप में लाकर पुनरुद्धार किया जाए

अनशनकारियों की तरफ से धर्मेंद श्रीवास्तव टिकू ने तहसीलदार से कहा कि अपर आयुक्त शहडोल संभाग द्वारा वर्ष 2014 में दिए गए आदेश का क्रियान्वयन कराया जाकर ग्राम भुईबांध सासरा नंबर 72 में स्थित सार्वजनिक मैदान को नजूल शासकीय भूमि दर्ज कराया जाकर अवैध अतिक्रमण हटाया जाए। इसके साथ ही पौराणिक बावली को उसके पुराने स्वरूप में लाकर शासन की मनसा अनुसार जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पुनरुद्धार कराया जाए।

इस अवसर पर समाजसेवी रंजीत बसाक अधिवक्ता शिवेंद्र प्रताप सिंह एवं अमृतलाल चौधरी राजेंद्र रजक दिनेश सिंह पियूष सोनी,अमित रजक, अनिल, विनोद शर्मा,प्रदीप सोनी, अनीता गुप्ता, माधुरी गुप्ता,लारा गुप्ता, रेनू गुप्ता, नेहा गुप्ता, सरोज यादव, निरसिया यादव, पूजा लहोरानी, सुनीता गुप्ता, गीता गुप्ता, मुकेश गुप्ता, धर्मेंद्र यादव, जलालुद्दीन मंजा सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे।

# जैतहरी पुलिस ने गांजा पर की रेड कार्यवाही



**जैतहरी**। मुखबिर सूचना प्राप्त होने पर थाना जैतहरी पुलिस द्वारा मुखबिर के बताये स्थान जैतहरी से महूदा मैन रोड के किनारे कालेज मोड के पास ग्राम टकुहली थाना जैतहरी के पास एक व्यक्ति सफेद रंग के झोले मे अवैध मादक पदार्थ गांजा ले जाने वाला है कि सूचना पर सूचना तस्दीक़ वि कार्यवाही हेतु थाना जैतहरी पुलिस द्वारा तत्काल हमराही स्टाफ़ तथा गवाह के साथ मौक़े पर पहुचकर उक्त संदेही को घेरा बंदी कर पकडकर नाम पूछा गया जो अपना नाम समयलाल यादव पिता स्व.मंगल यादव उम्र 58 वर्ष निवासी टकहूली थाना जैतहरी जिला अनूपपुर का होना बताया जिसके कब्जे से सफेद झोला मे रखे पोलीथीन के अंदर 384 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा किमती क़रीब 3000 रू का पाया गया। उक्त आरोपी का कृत्य धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का पाये जाने से मौक़े पर उपस्थित गवाहों के समक्ष उक्त मादक पदार्थ आरोपी समय लाल यादव निवासी टकुहली के क़ब्ज़े से विधिवत जप्त कर मौक़े की कार्यवाही कर किया गया। बाद मौक़े की संपूर्ण कार्यवाही कर अपराध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है। उक्त कार्यवाही मे पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर इसरार मंसूरी एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनूपपुर सुमित केरकेट्टा के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी जैतहरी निरी. अमर वर्मा, सउनि मणिराज सिंह, सउनि सुरेश कुमार कोरी, अरविंद प्रताप सिंह, म.प्र.आर लेखनवती, आर मनीष सिंह तोमर, म.आर.आस्ती गुप्ता की भूमिका रही।

# बिजुरी पुलिस ने 2 गुमशुदा बालिका को किया दस्तयाब



**बिजुरी**। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर्र रहमान के द्वारा अधिक से अधिक गुम इंसान बालक बालिकाओ की दस्तयाबी करने हेतु आदेशित किया गया है जिसके अनुपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मो. इसरार मन्सूरी एवं एस. डी.ओ.पी. कोतमा श्रीमती आरती शाक्य के मार्गदर्शन में बिजुरी पुलिस द्वारा द्वारा 19/04/2025 को 02 गुम शुदा बालिकाओं को दस्तयाब किया गया। गुम सुदा बालिका पायल साहू पिता राजेश साहू उम्र 19 वर्ष निवासी भगता थाना बिजुरी जिला अनूपपुर एवं गुम शुदा आरती सिंह पिता चमरु सिहं गोंड उम्र 20 वर्ष निवासी बैहाटोला थाना बिजुरी जिला अनूपपुर की पता तलास कर बालिका को दस्तयाब कर उसके परिजनो को सुपुर्द किया गया।

# आठवें वेतनमान को लेकर पेंशनर एसोसिएशन सौंपेगा ज्ञापन

शहडोल

पेंशनर्स के हितों की अनदेखी करने वाली सरकार द्वारा आठवीं वेतनमान में जनवरी 25 से पूर्व सेवानिवृत होने वाले शासकीय कर्मचारियों अधिकारियों को सभी लाभों से वंचित करने का प्रावधान है, सरकार का रुख जनता विरोधी तो है ही साथ ही जिन्होंने अपने संपूर्ण जीवन शासन की सेवा में लगा दिया उन सेवानिवृत्ति पेंशनर को दोयम दर्जे का नागरिक बनाती है, पेंशनर्स के लिए आठवें वेतनमान में अनेक संगतिया पाई गई हैं तथा ओपीएस, यूपीएस एवं एनपीएस के नाम से छलावा लगातार सरकार कर रही है। ऐसी स्थिति में वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रांत अध्यक्ष राजकुमार दुबे के आह्वान पर आगामी 22 अप्रैल को भारत सरकार को संबोधित ज्ञापन कलेक्टर एवं कमिश्नर शहडोल के मार्ग पर सौंपा जाएगा, कार्यक्रम को लेकर वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन के द्वारा पूरे प्रदेश में तैयारी की गई है, संगठन की ओर से परमानंद तिवारी डॉक्टर, नीलेश गौतम ने बताया कि सभी साथी और पदाधिकारी को 22 अप्रैल के दिन ज्ञापन सौंपने के दौरान उपस्थित रहने की अपील की गई है।

# पवित्र नगरी अमरकंटक में गर्मी में मिली राहत, आंधी तूफान के साथ तेज वर्षा

## अमरकंटक का मौसम हुआ खुशनुमा



**अमरकंटक**। प्रदेश के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक में आज दोपहर 3ः बजे से तेज आंधी तूफान के साथ गरज लपक के साथ जोरदार लगभग 1 घंटे की बारिश हुई इसके फलस्वरूप मौसम अच्छा खासा है ठंडक भरा सुहाना हो गया है । उल्लेखनीय है कि विगत तीन दिनों से पवित्र नगरी अमरकंटक में दोपहर को अच्छी खासी बारिश हो जाती है इससे मौसम सुहाना होता है तथा गर्मी पर नियंत्रण सा बना हुआ है। विगत दो-तीन दिनों से अमरकंटक नगर में गर्मी महसूस की जा रही थी लेकिन यह भी उम्मीद जताई जा रहे थे की ज्यादा गर्मी पड़ने से अमरकंटक में हर हाल में बारिश होती है उसी अनुसार आज अमरकंटक नगर जोरदार तेज बारिश हुई फलतः तेज गर्मी पर नियंत्रण सा लग गया मौसम के सुहाना होने से पर्यटक तीर्थ यात्रियों में अच्छा खासा उत्साह उमंग खुशी की झलक देखी गई पश्चिम बंगाल के घोष दंपत्ति एवं बनर्जी परिवार ने कहा कि इन दिनों हमारे यहां गर्मी पड़ रही है हम अमरकंटक के मौसम से पूर्व परिचित थे इसीलिए अमरकंटक आए हैं और वैसा ही हमें देखने को मिला हमें अच्छा अनुभव मिला। इसी तरह जबलपुर सोनकर परिवार ने भी अमरकंटक के मौसम की तारीफ की उन्होंने कहा की अमरकंटक का मौसम का कोई भरोसा नहीं कब ठंडी बढ़ जाए कब बारिश हो जाए कुछ कहा नहीं जा सकता जबलपुर में तो हम तप रहे हैं। गौरतलब है कि पवित्र नगरी अमरकंटक में अभी विगत दो-तीन दिनों से गर्मी महसूस होने के चलते कुछ लोगों ने अपने कूलर निकाले हैं लेकिन वह भी चलाने की नौबत नहीं आ रही पंखा से ही काम चल रहा है। और रात्रि कल में अभी भी सामान्य कंबल का सहारा लेना पड़ रहा है।

### गर्मी ने दिखाना शुरू किया रौद्र रूप

**कोतमा**। अप्रैल की शुरुआत में ही गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। सूर्य की तेज धूप के कारण दिन का तापमान लगातार बढ़ रहा है। गर्मी से बचने के लिए लोग दोपहर में घरों से बाहर निकलने से बच रहे हैं। कोतमा नगर में दोपहर में सड़कें सूनी नजर आ रही है। लेकिन वर्तमान में शादी ब्याह का मूहूर्त होने के कारण परेशानी के बाद भी लोग सामानो की खरीददारी करने के लिए बाजार पहुंच रहे हैं। चिलचिलाती धूप के कारण दोपहर में सड़कें वीरान नजर आ रही हैं। गर्मी से बचने के लिए लोग घरों में रहना पसंद कर रहे हैं। नगर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में भी लोग गर्मी से परेशान हैं।

# गांवों व नगर की गलियों में बिक रही अवैध शराब

*बिजुरी*। बिजुरी थाना क्षेत्र के वार्ड वार्ड, गाँव-गाँव और गली-गली में बिक रही अवैध शराब समाज में कानून व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह्न लगा रही है। गाँव-गाँव व गली-गली में खुलेआम हो रही अवैध शराब की बिक्री से जहाँ नगर एवम गाँवों का माहौल खराब हो रहा है, वहीं युवा पीढ़ी भी नशे की लत की आदी होती जा रही है। जिससे दर्जनों ऐसे परिवार है, जो उजड़ने की कगार पर हैं। ऐसा भी नहीं है कि अवैध शराब के कारोबार की जानकारी जिले के आवकारी विभाग और पुलिस प्रशासन को न हो, किन्तु जानकारी के बाबजूद भी अवैध शराब की बिक्री पर लगाम न लगने से आवकारी और पुलिस विभाग की कार्य प्रणाली सवालों के घेरे में खड़ी होती दिखाई दे रही है। बिजुरी नगर में लगभग 30 ढाबों में बशरब उपलब्ध रहती है साथ ही क्षेत्र के दर्जनों ऐसे गाँव और मजरे है, जहाँ अवैध शराब का काला कारोबार बे-रोकटोक जारी है। नगर, गाँवों की स्थिति यह है कि पानी तलाश में भले ही मीलों भटकना पड़ता हो, पर मदिरा प्रेमियों को बिना मशक्कत किये ही शराब उपलब्ध हो जा रही है। अवैध रूप से गाँव-गाँव में संचालित हो रही अवैध शराब की दुकानों ने गाँवों का माहौल दूषित कर दिया है। क्षेत्र में शराब के कारण दिनों-दिन अपराधों में वृद्धि हो रही है। साथ ही आसानी से शराब उपलब्ध हो जाने से भोले-भाले ग्रामीण व युवा वर्ग शराब की लत में जकड़ता जा रहा है। सूत्रों की मानें तो ऐसा कोई वार्ड या गांव नही, जहाँ अवैध रूप से शराब की बिक्री नहीं हो रही हो। ऐसा भी नहीं कि आवकारी महकमा इस अवैध कारोबार से अंजान हो, बल्कि जानकारी होते हुए भी विभाग अवैध शराब के कारोबार को अनदेखा कर रहा है। गाँव-गाँव तक शराब पहुँचाने के लिये ठेकेदार द्वारा स्थानीय जिम्मेदारों से साँठ-गाँठ कर जीपों व बाईक से परिवहन किया जा रहा है। उसके बाबजूद भी प्रशासन अवैध शराब का व्यापार करने वालों से दूर है। इसी वजह से शराब कारोबारियों के हौंसले बुलंद है और धड़ल्ले से अवैध शराब का कारोबार संचालित हो रहा है। अवैध शराब की बिक्री को रोकने के मामले में सरकारी सिस्टम फेल साबित हो रहा है। अगर हम बात करे बिजुरी थाना क्षेत्र के दल दल, बिजुरी नगर, माईनस कालोनी, कपिलधारा कालोनी सहित सभी वार्डो के साथ ग्राम थानगांव, बहेरा बांध, साजा टोला, भुइला, बेलगांव यहाँ शराब कारोबारी नियम और कानून को ताँक पर रखकर व्यापार को संचालित कर रहे है। ऐसा ही हाल थाना क्षेत्र के लगभग हर गाँवों में किरानों की दुकानों पर भी अवैध शराब आसानी से उपलब्ध हो जायेगी। किन्तु उसके बाबजूद भी आवकारी विभाग और पुलिस द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाये जा रहे है। जिससे आये दिन विवाद की स्थिति भी खड़ी हो रही है। क्षेत्रीय ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से गाँव में बिक रही अवैध शराब पर पाबंदी लगाने की माँग उठाई है।




# अमरकंटक थाने में पेयजल की माकूल व्यवस्था की दरकार ,आगंतुक होते पेयजल के लिए परेशान




**अमरकंटक**। पवित्र नगरी अमरकंटक के के स्थानीय पुलिस थाना में पेयजल की मां कल व्यवस्था नहीं होने से थाना आने वाले फरियादी एवं आगंतुक जनों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है आने वाले जनों को ठंडा पेयजल के लिए सामने रेवा पेट्रोलियम में जाकर अपने प्यास बुझानी पड़ती है। वैशाख मास की भीषण गर्मी में भी गला तर करने के लिए यहां वहां भटकना पड़ता है। थाना में तैनात पुलिस कर्मी किसी तरह की व्यवस्था कर पीने का पानी मुहैया कराते हैं लेकिन स्थानीय पुलिस थाना में अब तक ठंडे पानी की आपूर्ति करने वाला फ्रीजर नहीं लगा है। पुलिस थाना में आवश्यक जानकारी के लिए पर्यटक तीर्थ यात्री एवं भक्त श्रद्धालु आते हैं लेकिन पुलिस थाना में पेयजल का ठंडा करने वाला फ्रीजर संयंत्र ना लगा होने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है वहीं फरियादी जनों को भी इससे दो-चार होना पड़ता है। आगामी दो-तीन माह और भी ज्यादा गर्मी पड़ेगी लेकिन अभी प्रारंभिक वैशाख माह से पेयजल की दिक्कत दिखने लगी है। जिला प्रशासन एवं जिला पुलिस अधीक्षक से इस दिशा में तत्काल ठोस कार्यवाही करने की जनापेक्षा नागरिकों ने की है सहृदयी अनूपपुर पुलिस अधीक्षक पर्यटन एवं पवित्र नगरी थाना अमरकंटक मे तत्काल इस दिशा में ठंडा पेयजल संयंत्र लगवाने के दिशा में कार्यवाही करावेगे। ताकि लोगों को यहां वहां न भटकना पड़े।

**खबर संक्षेप**



## समस्त पात्रताधारी हितग्राही को हर महीने वितरित हो अनाज – आयुक्त

**शहडोल।** आयुक्त शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने शहडोल संभाग के तीनों जिलो में खाद्य विभाग के माध्यम से उचित मूल्य की दुकानों के संचालन की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी दुकाने नियमित रूप से खुले तथा पात्रताधारी परिवारों को निर्धारित मात्रा में अनाज का वितरण सुनिश्चित हो। शासन के निर्देशानुसार पात्रताधारी परिवारों के ईकेवाईसी के कार्य किया जा रहा है। तीनों जिलो के खाद्य अधिकारी दैनिक लक्ष्य बनाकर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करना सुनिश्चित करें। बैठक में कलेक्टर शहडोल डॉ. केदार सिंह, कलेक्टर उमरिया श्री धरणेंद्र जैन, अपर कलेक्टर अनूपपुर श्री तन्मय सहित सीईओ जिला पंचायत एवं तीनों जिलो के खाद्य अधिकारी उपस्थित रहे।



## रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम से दिया गया जल संरक्षण का संदेश

**शहडोल।** जल की एक-एक बूंद अमृत के समान है" शहडोल जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान 30 अप्रैल तक कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में चलाया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मिश्रित हाई स्कूल शहडोल में एक रंगोली मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य न केवल रचनात्मक प्रतिभा को मंच देना था, बल्कि जल संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक संदेश को भी प्रसारित करना था। विद्यालय की प्रधान अध्यापिका श्रीमती प्रभा कुशवाहा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि "जल की एक-एक बूंद अमृत के समान है, और इसे बचाना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है।" रंगोली मेकिंग प्रतियोगिता में अदिति सोनी, शाहीन हासमी, मिनहाज फातिमा खान, अंकिता कुमारी, दुर्गा सोनी, दीदित राठौर, वैष्णवी पासी तथा वीरता गुप्ता, अपर्णा सिंह, ईशू पटेल, शिखा गुप्ता और रिचा सोनी ने अपनी भूमिका निभाई।

## नगर पालिका के कई निर्माण कार्यों का भूमि पूजन एवं शिलान्यास

# ज्वालामुखी तालाब का होगा सौंदर्यीकरण





धनपुरी।

भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा के कर कमलों से,नगर पालिका परिषद धनपुरी की अध्यक्ष श्रीमती रविन्दर कौर छावड़ा, उपाध्यक्ष हनुमान खंडेलवाल,नगर पालिका धनपुरी की सीएमओ सुश्री पूजा बुनकर, परिषद के सभी सम्माननीय पार्षद गण व धनपुरी के गणमान्य नागरिकों व राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित पूर्व शिक्षक श्री मैथिलीशरण जी गुप्त की उपस्थिति में ज्वालामुखी तालाब के सौन्दर्यीकरण एवं विकास कार्य हेतु भूमि पूजन किया गया। धनपुरी के हृदय स्थल मां ज्वालामुखी माता मंदिर के प्रांगण में स्थित ज्वालामुखी तालाब का धार्मिक महत्त्व भी है लोगों की आस्था इस तालाब से जुड़ी है।इनका भी भूमि पूजन इसके अलावा वार्ड क्र0-26 बिरसा मुण्डा जी की मूर्ति के पास (वार्ड क्र0-26 एवं 28 के मध्य) माडल रोड निर्माण,वार्ड क्र0-10 त्रिमूर्ति तिराहा (वार्ड क्र0-9,10,12,13,14 के मध्य) माडल रोड़ निर्माण कार्य का भूमिपूजन कार्यक्रम भी नगरपरिषद भी आयोजित किया गया जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों ने सहभागिता निभाई।महेंद्र ने जताया आभार ज्वालामुखी मंदिर प्रशासनिक समिति के सदस्य महेंद्र सिंह पवार ने इस पुनीत कार्य के लिए मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री मोहन यादव, केन्द्र में प्रधानमंत्री मोदी जी के साथ साथ सम्माननीय श्रीमती अमिता चपरा, रविन्द्रर कौर छावड़ा, सुश्री पूजा बुनकर सीएमओ धनपुरी नगर पालिका,नगर पालिका धनपुरी के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों,वार्ड पार्षद स्कंद सोनी व सभी उपस्थित जनो को, जिन्होंने भी इस पुनीत कार्य के लिए प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रुप से सहयोग दिया है उन सभी का भक्तिमय अभिनन्दन और स्वागत करते हुए अपेक्षा व्यक्त किया है कि आगे भी इसी तरह के कार्य में सभी का सहयोग मिलेगा,ताकि मां ज्वालामुखी माता तालाब का व पूरे परिसर का विकाश हो,और यह विकास इस प्रकार का हो जो शहडोल सम्भाग में एक अनुपम उदाहरण बन सके।

# मनीष होंगे महाप्रबंधक संचालन सोहागपुर कोयलांचल कर्मचारियों में हर्ष

**धनपुरी। वित्त वर्ष समाप्त होने के पश्चात एसईसीएल मुख्यालय द्वारा जारी आदेशानुसार सोहागपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक संचालन का स्थानांतरण कोरबा क्षेत्र की मानिकपुर ओपन कास्ट में किया गया उनके स्थान पर तकनीकी सचिव सीएमडी बिलासपुर मनीष श्रीवास्तव का स्थानांतरण सोहागपुर महा प्रबंधक संचालक के रूप में किया गया है।**






वह पूर्व में भी सोहागपुर क्षेत्र में 1994 से 2010 तक न्यू अमलाई में सहायक प्रबंधक उसके पश्चात शारदा ओपन कास्ट में सुरक्षा अधिकारी के पद पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। सरल एवं कर्तव्य निष्ठ तथा कर्मचारियों में काफी लोकप्रिय थे साथ में काम करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों में एक उत्साह की लहर है। संभवतः जून माह में सोहागपुर एरिया के महाप्रबंधक पी श्री कृष्णा का रिटायरमेंट हो रहे है तो कहीं ऐसा हो कि इन्हें ही सोहागपुर महाप्रबंधक का ताज मिल जाए। सोहागपुर एरिया में ऐसे ही कर्तव्य निष्ठ अनुभवी महाप्रबंधक की सख्त जरूरत भी देखी जा रही है। कोयला उत्पादन टारगेट के साथ-साथ अच्छे डिसीजन की जरूरत जरूर देखी जा रही है कई विभाग में दमदार अधिकारियों की जरूरत महसूस की जा रही है।

## समय-सीमा में सुनिश्चित हो हैंडपंपो एवं नल जल योजनाओं की मरम्मत - आयुक्त



**शहडोल।** ग्रीष्मकाल में जल स्तर गिरने से विभिन्न क्षेत्रो में हैंडपंप से पानी नही मिलने, नल जल योजनाओं के व्यवस्थित संचालन नही होने तथा अपूर्ण नल जल योजनाओं एवं विद्युत खराबी या पंप खराब होने जैसे शिकायतें प्राप्त होती है। इन शिकायतों का निराकरण तत्परता के साथ किया जाए। जनपद एवं जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किये जाए तथा सभी विभाग आपस में समन्वय बनाकर समस्याओं का निराकरण करें। उक्त निर्देश आयुक्त शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने शहडोल संभाग के तीनों जिलो में ग्रीष्मकालीन पेयजल संकट तथा उसके निराकरण हेतु किये जा रहे प्रयासों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारी को दिए।

बैठक में कलेक्टर शहडोल डॉ. केदार सिंह, कलेक्टर उमरिया श्री धरणेंद्र जैन, अपर कलेक्टर अनूपपुर श्री तन्मय सहित सीईओ जिला पंचायत, अधीक्षण यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपस्थित रहें।

आयुक्त शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने निर्देश दिए कि बिगडे हुए हैंडपंपो की मरम्मत शीघ्र कराई जाए जिन हैंडपंपो में राइजर पाइप बढाने की आवश्यकता है उन्हे बढाई जाए जिन स्थानो पर नये बोरवेल की आवश्यकता है वहां नये हैंडपंप स्थापित किये जाए। संभाग के तीनो जिलों में जो नल जल योजनाएं अभी तक पूरी नही हुई है उनकी कार्ययोजना बनाकर समय-सीमा में पूरा किया जाएं। वोल्टेज समस्या या बिजली की अन्य समस्याओं के कारण कोई भी नल जल योजना बंद नही होनी चाहिए, संबंधित अधिकारी विद्युत विभाग के अधिकारियों से समन्वय बनाकर निराकरण कराए इसके साथ ही जिन स्थानों में मोटरपंप खराब है उनका सुधार कराया जाए। अधूरी नल जल योजनाएं ग्राम पंचायतों को हैंड ओव्हर नही की जाए, ग्रामीण विकास विभाग एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों की टीम बनाकर संबंधित कलेक्टरों को पूर्ण नल जल योजना तथा जिन योजनाओं को पूरा कर ग्राम पंचायतों को हैंड ओव्हर किया जाना है का सत्यापन कराया जाए तथा वास्तविक समस्याओं का निराकरण कराया जाए।

जल जीवन मिशन की योजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि विभागीय अमला सजग रहे, भ्रमण पर जाएं तथा जहां से भी जल आपूर्ति में बाधा की शिकायत मिलती है का निराकरण सुनिश्चित करें।८

## बाबासाहब अंबेडकर जयंती पर बहुजन गोंडवाना गणतंत्र पार्टी का भव्य आयोजन



**शहडोल।** भारत के संविधान के निर्माता डॉक्टर बाबासाहब अंबेडकर जी की जयंती 14 अप्रैल को बुढार बस स्टैंड धर्म कांटा के पास बहुजन गोंडवाना गणतन्त्र पार्टी के द्वारा मनाया गया, जिसमें बाबा साहब के द्वारा संविधान को मूर्त रूप देने के संबंध में कहा गया कि उनके द्वारा ही दलित वर्ग को पूर्ण स्वतंत्रता बाबासाहब के द्वारा ही मिली है और आज हमें शिक्षित होने और संगठित होने की जरूरत है नहीं तो दलित वर्ग बहुत पिछड़ता जाएगा और साथ ही बाबा साहब का सपना पूरा नहीं हो पाएगा, आज जिस तरह से राजनीतिक क्षेत्र में दलितों के साथ अत्याचार हो रहे हैं भविष्य को ध्यान में रखकर ही बाबा साहब ने अपने विचारों के साथ कानून को बनाया था की आने वाले समय में कभी भी दलितों के साथ अत्याचार अन्याय ना हो क्योंकि वह अपने जीवन काल में ही अपने दलित वर्ग के सामाजिक क्षेत्र में कुरीतियों को देखते हुए संविधान की रचना की थी। अंबेडकर जयंती के मुख्य अतिथि श्रवण चौधरी राष्ट्रीय अध्यक्ष बहुजन गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज दलित समाज बहुत ही पीड़ित है और केवल उनका उपयोग किया जा रहा है जबकि उनके साथ अत्याचार और अन्याय पूरे भारत में रोज कहीं ना कहीं जरूर हो रहा है आज मैं अपनी माताओ बहनों से यह कहना चाहता हूं की एक रोटी कम खाकर बच्चों को अपने शिक्षित करें और हमेशा संगठित रहे जिससे हम लोगों की मजबूती रहे, वह आने वाले समय में हमारे बच्चे देश का भविष्य बनकर समाज के लिए कार्य करें। इसी उद्बोधन की कड़ी में कार्यक्रम की अध्यक्ष एवं वरिष्ठ दलित नेता अमृतलाल चौधरी ने भी अपनी जीवन की गाथा के संबंध में कहा कि हमने भी इस संबंध में काफी यात्राएं की और हम यूपी से चलकर आज शहडोल जिले में एक शासकीय नौकरी को छोड़कर समाज की सेवा में लगा हुआ हूं और मेरा उद्देश्य अपने समाज को उत्थान के लिए आखिरी सांस तक लगा रहूंगा। मंचासीन अन्य नेताओं ने भी अपने विचार रखें जिसमें उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए सबसे बड़ा पर्व है और इस पर्व को मनाने के लिए बाबा साहब ने हमें अधिकार दिलाया, वह हमारे मसीहा है और हमेशा रहेंगे। इस अवसर पर बहुजन गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रवीण चौधरी ने भी बाबा साहब के विचारों को अपने जीवन में उतारकर भविष्य की गाथा हमें लिखना है और बाबा साहब का सपना था जिसे हम लोग पूरा करेंगे। बाबा साहब की जयंती के अवसर पर बहुजन गोंडवाना गण पार्टी के बादल चौधरी सहित अन्य पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, आमजन मौजूद थे।बहुजन गोंडवाना द्वारा बाबा साहेब अंबेडकर जी की जयंती एवं शोभा यात्रा निकली गई मुख्य अतिथि बहुजन गोंडवाना पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री श्रवण कुमार ,विषिट अतिथि अमृत लाल चौधरी ,बादल चौधरी ,नारायण सिंह ,कुसराम, दयाली अगारिया, अमरनाथ सैनी, दशरथ चौधरी ,हिरामणी सिंह ,संगठन मंत्री इस्माइल अहमद अंसारी ,कार्यक्रम के अध्यक्ष बहुजन गोंडवाना पार्टी जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार चौधरी, कार्यक्रम सचिव संजय चौधरी गोविंद चौधरी, आकाश चौधरी ,उमेश कुमार ,आशा वंशकार ,कार्यक्रम आयोजन कार्यकर्ता साहिल, पियूष साहू, अनुज, विनय , हिमांशु, कृष्णा ,अजय ,राजा ,अंकुश, संदिप ,राहुल ,साहिल चौधरी ,बबलू वंशकार एवं कई बहुजन गोंडवाना पार्टी के कार्यकर्ता सम्मलित हुए।

# पार्षद सिल्लू के प्रयास से मिली राजकुमार को वैशाखी



शहडोल।

ज़िंदगी में जब उम्मीद की किरणें धुंधलाने लगती हैं, तब कोई एक संवेदनशील हाथ आगे बढ़कर रोशनी बन जाता है,शहडोल नगर पालिका परिषद के हनुमान वार्ड क्रमांक 19 के पार्षद सुशील कुमार रजक उर्फ 'सिल्लू' ने बुधवार को अपने सद्प्रयासों से कुछ ऐसा ही कर दिखाया।

उन्होंने ग्राम निपनिया निवासी एक विकलांग युवक को न सिर्फ स्टील की बैसाखी उपलब्ध करवाई, बल्कि उसके विकलांग प्रमाण पत्र की प्रक्रिया भी पूरी करवाकर एक नई राह दिखाई। 23 वर्षीय राजकुमार कोल, जो ग्राम निपनिया में अपने परिवार के साथ रहता है, ने बताया कि करीब पांच साल पहले वह एक दर्दनाक सड़क हादसे का शिकार हुआ था, जिसमें उसने अपना एक पैर हमेशा के लिए खो दिया। उस हादसे के बाद से ही वह लकड़ी की पुरानी बैसाखियों के सहारे जीवन यापन कर रहा था। आर्थिक तंगी और संसाधनों की कमी के चलते वह कोई बेहतर साधन जुटा नहीं पाया। राजकुमार कोल की ज़िंदगी में नया मोड़ उस वक्त आया जब बीते शुक्रवार को किसी काम से वह कलेक्ट्रेट पहुंचा। वहीं पर उसकी मुलाकात पार्षद सिल्लू रजक से हुई। बातचीत के दौरान जब पार्षद ने उसकी स्थिति देखी और बैसाखियों की जर्जर हालत जानी, तो उन्होंने तुरंत उसे बेहतर सुविधा दिलाने का वादा किया। इस मुलाकात के दौरान न कोई आवेदन लिखा गया, न कोई लंबी प्रक्रिया शुरू हुई सिर्फ एक संवेदना भरी नज़र और सच्चा इरादा था। राजकुमार ने पार्षद सिल्लू से किए गए वादे के मुताबिक बुधवार को उनसे संपर्क किया,फोन पर बातचीत के कुछ ही देर बाद पार्षद स्वयं उससे मिले और सामाजिक न्याय विभाग से स्टील की मजबूत बैसाखी की व्यवस्था करवाई। स्टील की यह बैसाखी अब न केवल राजकुमार को सहारा दे रही है, बल्कि उसे आत्मविश्वास भी दे रही है कि वह समाज की मुख्यधारा में लौट सकता है। सिर्फ यहीं तक ही मदद सीमित नहीं रही। पार्षद सिल्लू रजक ने राजकुमार का विकलांग प्रमाण पत्र भी बनवाने की पूरी प्रक्रिया में सहयोग किया, जिससे वह अब सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकेगा। चाहे वह पेंशन हो, रोजगार योजना हो या सहायक उपकरणों की सरकारी सहायता अब राजकुमार का नाम इन सबके लिए दर्ज हो चुका है। पार्षद सिल्लू रजक की इस पहल की क्षेत्र में जमकर सराहना हो रही है। यह घटना दिखाती है कि यदि जनप्रतिनिधि संवेदनशील और सक्रिय हों, तो समाज के सबसे पिछड़े और पीड़ित वर्ग को भी राहत पहुंचाई जा सकती है। राजकुमार कोल और उसके परिजनों ने इस मदद के लिए दिल से आभार व्यक्त किया और कहा कि यह केवल एक बैसाखी नहीं, बल्कि एक नई शुरुआत है



## जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने बाबा तालाब देवी मंदिर में किया सफाई का कार्य

शहडोल।

"जल से है सुगम जीवन" के संदेश के साथ शहडोल जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण के लिए व्यापक प्रयास किए जा रहे हैं। इस अभियान के अंतर्गत जनप्रतिनिधियों, जन अभियान परिषद के सदस्यों, समाजसेवियों और स्थानीय लोगों के सहयोग से जल संग्रहण संरचनाओं का जीर्णोद्धार, नदी-नालों की सफाई, बोरी बंधान और तालाबों का गहरीकरण जैसे कार्य निरंतर जारी हैं।

इसी कड़ी में जनपद पंचायत ब्यौहारी के ग्राम पंचायत मैरटोला स्थित बाबा तालाब देवी मंदिर परिसर में एक विशेष सफाई अभियान आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विधायक शरद जुगलाल कोल, जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र पटेल, जनपद सदस्य हरि शरण चतुर्वेदी, जनपद सदस्य अरविंद पटेल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी विजय सिंह, तहसीलदार अजय पाण्डेय, नायब तहसीलदार शनि द्विवेदी, आजीविका मिशन की टीम, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, जन अभियान परिषद के मेंटर्स हीरालाल साहू और ग्राम विकास प्रस्फुरण समिति के अध्यक्ष भैया लाल पाल सहित अन्य लोगों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय, शहडोल में भारतीय शिक्षण मंडल के 56वें स्थापना दिवस पर हुआ शिक्षण संवाद कार्यक्रम

# विषय: "भारतीय संस्कृति से पोषित शिक्षा ही विकसित भारत की प्राण ऊर्जा है"

शहडोल।

पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय, शहडोल में भारतीय शिक्षण मंडल के 56वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में शिक्षण संवाद कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षा, संस्कृति और राष्ट्र निर्माण पर गहन विचार-विमर्श हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की मंत्र आराधना अर्चना से हुई। राजेश त्रिपाठी जी द्वारा ध्येय वाक्य का वाचन किया गया।

कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन डॉ. महेंद्र किशोर भटनागर, विभागाध्यक्ष – रसायन शास्त्र द्वारा प्रभावी ढंग से किया गया। उन्होंने ऋग्वेद से लिए गए संघटन मंत्र की सुंदर व्याख्या करते हुए एवम इसे भारतीय संस्कृति से जोड़ते हुए भारतीय शिक्षण मंडल शहडोल के द्वारा किए कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्रदान की अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की और शिक्षा के सांस्कृतिक दृष्टिकोण को स्पष्ट किया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. भरत शरण सिंह, अध्यक्ष – निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग एवं राष्ट्रीय मंत्री – भारतीय शिक्षण मंडल ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में कहा कि "भारत की आत्मा उसकी संस्कृति में बसती है, और यदि शिक्षा इसी संस्कृति से सिंचित हो, तो राष्ट्र का विकास सुनिश्चित है।" उन्होंने भारतीय शिक्षा पद्धति के मूल्यों, गुरु-शिष्य परंपरा, और आधुनिक युग में इसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। भारतीय शिक्षण मंडल की स्थापना की पृष्ठभूमि से करते हुए कहा कि यह संगठन भारतीय जीवन मूल्यों, संस्कृति और शिक्षा की आत्मा को जीवित रखने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आज जब हम विकसित भारत की कल्पना करते हैं, तो हमें यह समझना होगा कि विकास केवल आर्थिक या तकनीकी उन्नति नहीं है, बल्कि यह सांस्कृतिक चेतना, नैतिक मूल्यों और आत्मबोध से जुड़ा हुआ है।

उन्होंने कहा कि "शिक्षा वह दीप है, जो अंधकार को दूर करता है – लेकिन यदि उस दीप में भारतीय संस्कृति के संस्कार न हों, तो वह केवल रोशनी नहीं देगा, दिशा भी नहीं देगा।" उन्होंने गुरुकुल प्रणाली, वेदों से लेकर तक्षशिला और नालंदा जैसे प्राचीन शिक्षा केंद्रों का उदाहरण देते हुए बताया कि भारत की शिक्षा हमेशा से केवल जानकारी नहीं, बल्कि आत्म-विकास और राष्ट्र निर्माण का माध्यम रही है।

डॉ. सिंह ने राष्ट्र निर्माण में शिक्षक की भूमिका को विशेष रूप से रेखांकित करते हुए कहा कि शिक्षक केवल पाठ्यक्रम पढ़ाने वाला नहीं, बल्कि विचारों को संस्कारित करने वाला होता है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि आज के वैश्विक युग में यदि हम अपनी शिक्षा प्रणाली को भारतीय दृष्टिकोण से नहीं जोड़ते, तो हम अपनी पहचान खो देंगे।

उन्होंने वर्तमान शिक्षा प्रणाली की चुनौतियों का उल्लेख करते हुए सुझाव दिया कि हमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के माध्यम से मिली दिशा को संस्कृति से जोड़कर कार्यान्वित करना चाहिए। उन्होंने कहा, "हमें ऐसा शिक्षा तंत्र चाहिए जो कौशल, संस्कार और समर्पण – तीनों का संतुलन प्रदान करना

कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. रामशंकर ने की। उन्होंने कहा कि भारतीय शिक्षा केवल रोजगार नहीं, बल्कि जीवन निर्माण की प्रक्रिया है। उन्होंने अपने वक्तव्य में भारतीय शिक्षा दर्शन की आत्मा को उद्घाटित किया। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में शिक्षा केवल जानकारी या विषय ज्ञान अर्जन का माध्यम नहीं रही, बल्कि यह आत्मा के परिष्कार, चरित्र निर्माण और समाज सेवा का मूल आधार रही है।

उन्होंने कहा, "आज के समय में जब हम 'विकसित भारत' की बात करते हैं, तो यह केवल भौतिक संसाधनों की उपलब्धता से नहीं मापा जा सकता। एक सच्चे अर्थों में विकसित भारत वह होगा, जहाँ नागरिकों में नैतिकता, संवेदनशीलता, और राष्ट्रभक्ति की भावना हो – और यह तभी संभव है जब शिक्षा भारतीय संस्कृति से पोषित हो।"

प्रो. रामशंकर ने विश्वविद्यालय के छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आप केवल छात्र नहीं, बल्कि राष्ट्र के भावी निर्माता हैं। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे आधुनिक विज्ञान, तकनीक और वैश्विक ज्ञान को आत्मसात करें, लेकिन अपनी जड़ों से कटें नहीं। हमारी परंपराएँ, भाषाएँ, साहित्य और मूल्य हमें वह पहचान देते हैं जो हमें विश्व में विशिष्ट बनाते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि "हमारे ग्रंथों ने शिक्षा को केवल 'विद्या' नहीं, बल्कि 'साधना' माना है। शिक्षक और शिष्य के बीच का रिश्ता केवल अकादमिक नहीं, बल्कि आत्मिक होता है।" उन्होंने इस अवसर पर भारतीय शिक्षण मंडल को धन्यवाद देते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से शिक्षा के सांस्कृतिक स्वरूप को पुनः जाग्रत करने की प्रेरणा मिलती है।

अपने उद्बोधन के अंत में उन्होंने यह संकल्प दिलाया कि विश्वविद्यालय का प्रत्येक विभाग और शिक्षक इस दिशा में निरंतर प्रयास करेगा कि विद्यार्थियों को ज्ञान के साथ-साथ नैतिकता, संवेदना और भारतीयता की भावना भी प्राप्त हो।

विशिष्ट अतिथि कमलेश मिश्रा जी प्रदेश मंत्री भारतीय शिक्षण मंडल ने शिक्षा में नैतिक मूल्यों की आवश्यकता पर जोर दिया, जबकि सारस्वत अतिथि अनूप मिश्रा जी सह विभाग कार्यवाह भारतीय मनीषा और संस्कृति की बात की एवं मनीष मिश्रा जी जिला कार्यवाह ने भारतीय शिक्षण मंडल के कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में ब्यौहारी के डॉ मनीष त्रिपाठी द्वारा लिखित पुस्तक भारत की विद्या परंपरा अतीत से वर्तमान तक का अतिथियों द्वारा विमोचन किया गया।

प्रो. गीता सराफ, ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा राष्ट्र को ज्ञान की सत्ता पर आश्रित होना चाहिए तभी विकसित राष्ट्र की परिकल्पना की जा सकती है शिक्षा ही विकसित राष्ट्र का प्राण है ।

प्रो. आशीष तिवारी, कुलसचिव ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए शिक्षण मंडल के प्रयासों की सराहना की।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अनेक प्राध्यापक, शोधार्थी एवं छात्र-छात्राओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही।

## इकलौते चिल्ड्रन पार्क का 'वजूद' मिटाने पर तुला नगर प्रशासन

# पार्क को बनाया गैराज स्टेशन, अधूरा पड़ा गाज मंदिर

### सुविधाएं होती जा रही नदारद, कार्यवाही की दरकार

जिला प्रशासन व नगर पालिका के सहयोग से नगर के लोगो को बाल उद्यान की सौगात तो दे दी गई, लेकिन उसकी व्यवस्था, सुरक्षा की जिम्मेदारी से मुंह मोड लिया गया। जब यह बाल उद्यान बनकर तैयार हुआ तब बड़े ही उत्साह के साथ इसका उद्घाटन किया गया और जैसे जैसे समय बीता महज उद्घाटन के एक साल के भीतर ही इस बाल उद्यान के भीतर की सुरक्षा व्यवस्था, रख रखाव की पोल खुलनी शुरू हो गई थी जो देखते ही देखते आज पूरा बाल उद्यान ऐसा लग रहा है कि जैसे वहां भूकंप आ गया हो। पूर्व कलेक्टर ने जिस मंशा से नगर मे बाल उद्यान बनवाया था वह नगर प्रशासन की अनदेखी का पूरी तरह से शिकार हो गया।







**अनूपपुर।** पूर्व कलेक्टर नंद कुमारम ने जिस मंशा से नगर मे बाल उद्यान बनवाया था वह नगर प्रशासन की अनदेखी का पूरी तरह से शिकार हो गया। इतना ही नही पूर्व कलेक्टर नंद कुमारम ने चेतना नगर हायर सेकेण्ड्री स्कूल के बाहर अवैध अतिक्रमणो को हटाकर वहां वृक्षारोपण भी करवाया था मगर वह भी नगर पालिका की उदासीनता से दम तोड़ चुके हैं। बाल उद्यान के भीतर बड़ा नाला खुदा पड़ा है जहां नगर के बच्चो के लिए बडा खतरा बना हुआ है, इतना ही नही यहां लगाई गई बच्चो को खेलने की सामग्री टूटी फूटी और गिरने के कगार पर पहुंच चुकी है। किये गये सुंदर वृक्षारोपण नष्ट हो रहे हैं। यहां के गार्डन मे पानी के पाउच गुटखे के पाउच गार्डन की अव्यवस्था को बयां कर रहे हैं वही देर रात तक शराबखोरी भी चरम पर है।

### टूट गये पार्क मे लगे झूले

पालिका प्रशासन की अनदेखी व लचर कार्यप्रणाली के चलते पार्क मे लगे लाखों रूपये के कीमती झूले बच्चो के खेलने के लिए अन्य खेल सामग्री पूरी तरह से टूटकर टेढ़ी मेढ़ी हो गई है और कुछ तो वहां से गायब भी हो चुकी है। जिस मंशा से नगर मे इस पार्क की शुरूआत की गई थी और उस समय इस पार्क के भीतर गार्डन व सौंदर्यीकरण कराया गया था तब लोगो मे खुशी का वातावरण निर्मित था, लेकिन देख रेख के अभाव मे अब वहां गार्डन व सौंदर्यीकरण की जगह बगार देखा जाने लगा है।

### नगर के बच्चे फिर बाल उद्यान के लिए मोहताज

पूर्व कलेक्टर नंद कुमारम ने नगर के बच्चो को खेल, व्यायाम व सांस्कारित गतिविधियों के लिए नगर के चचाई रोड दूरभाष केन्द्र के बगल मे शासन की जमीन पर बाल उद्यान बनवाया जहां बच्चे पहुंच बहुत खुश थे, लेकिन नगर पालिका की लापरवाही के कारण अब यह बाल उद्यान जमींदोज होने के कगार पर पहुंच चुका है। ऐसे मे नगर के बच्चे फिर बाल उद्यान के लिए मोहताज हो गये हैं।

### सुरक्षा व्यवस्था भी नदारत

इस पार्क की सुरक्षा व्यवस्था के लिए नाम मात्र का एक चौकीदार तैनात कर दिया गया, लेकिन इस पार्क की सुरक्षा व्यवस्था का भगवान ही मालिक है। इस पार्क मे नगर के बच्चो की जगह नशेडी, गंजेडी व शराबखोरी करने वाले लोग ज्यादा दिखते हैं और तो और इस जगह शराब की बोतलें, बीडी, सिगरेट, माचिस, पानी की पाउचें, नमकीन की पाउचें पड़ी रहती हैं। अधूरे पडे गाज मंदिर के चारो ओर बेधडक शराबखोरी के पूरे सबूत किसी भी समय देखे जा सकते हैं।

### पार्क के भीतर नाले से खतरा

बाल उद्यान के भीतर बड़ा नाला खुदा पड़ा है जहां नगर के बच्चो के लिए बडा खतरा बना हुआ है। कभी भी कोई अप्रिय घटना घटने से भी यहां इंकार नही किया जा सकता। जिम्मेदार लोगो का ध्यान आज तक इस ओर भी नही गया। जिम्मेदार अधिकारी व नेताओं के अपने कर्तव्यो से मुंह मोड लेने का खामियाजा इस रूप मे सामने आता है कि कराये गये कार्य दम तोड़ देते हैं।

### गैराज बनकर रह गया पार्क

यह चिल्ड्रन पार्क लोगो को सुकून देने मे नाकामयाब तो जरूर रहा, लेकिन नगर पालिका के गैराज के लिए बखूबी सेवा दे रहा है तभी तो नगर पालिका के खराब पड़े आधा दर्जन पानी टैंकर, काऊ कैचर, यूरिनल, चलित शौचालय सहित पाईप व अन्य ऐसे सामान जो किसी काम के नही है वे सब यहीं रख दिये जाते हैं।

### जिलाधीश से बंधी आस

जिलाधीश से नगर की जनता को आस है कि वे हर वर्ग के लिए बनी पार्क पर प्राथमिकता से ध्यान देकर उसके मरम्मतीकरण व सदृढ़ीकरण पर ध्यान देंगे जिससे नगर की जनता और बच्चों की किलकारी फिर इस चिल्ड्रन पार्क मे गूंजे ऐसा तोहफा मिलेगा तो बच्चों को गर्मी की छुट्टी मे एक सुकून जिला प्रशासन व नगर पालिका अनूपपुर दे सकेगी।

## आमाडांड के बाद अब रामपुर बटुरा में हो रही काले हीरे की हेराफेरी

*भ्रष्टाचार के आरोप में हटाए गए जितेंद्र पाण्डेय फिर बनाये गये रामपुर में रोड सेल प्रभारी*

*जमुना कोतमा जीएम कार्यालय में आज भी है आरोप पत्र*



**अनूपपुर।** संभाग में एसईसीएल के द्वारा संचालित कोयले की 16 से ज्यादा कोयले की खदानों में रोड सेल के नाम पर अगर सबसे ज्यादा कहीं लूट मची हुई है या अगर यह कहा जाए की रोड सेल के नाम पर की जा रही अवैध वसूली में नंबर वन कोई कोयले की खदान है तो वह रामपुर बटुरा है जहां का प्रमुख मास्टरमाइंड एरिया सेल्स ऑफिसर के रहमो पर और इस अवैध वसूली लूट को जो संचालित कर रहा उसका नाम टेक्निकल इंस्पेक्टर रोड सेल प्रभारी जितेंद्र पांडे यह वही जितेंद्र पांडे हैं जो इसके पहले जमुना कोतमा क्षेत्र की खुली खदान आमाडांड में सह प्रभारी रोड सेल थे जहां पर उनके ऊपर कोयले की हेरा फेरी का आरोप लगाया गया था और इस संबंध में जीएम कार्यालय जमुना कोतमा क्षेत्र आरोप पत्र दाखिल करते हुए इनका यहां से रायगढ़ के लिए स्थानांतरण कर दिया था लेकिन ऊंची पहुंच का दावा करने वाले जितेंद्र पांडे ने एसईसीएल के अधिकारियों की भेंट पूजा करके रामपुर बटुरा में रोड सेल प्रभारी बनकर दोबारा लौट आए। अब अब सवाल यह उठता है कि जब उनके ऊपर भ्रष्टाचार को का आरोप जमुना कोतमा क्षेत्र में लगा था और यह चीज वहां के सेल्स मैनेजर निधि मिश्रा को मालूम था फिर भी उन्होंने मोटी रकम लेकर जितेंद्र पांडे को रोड सेल का प्रभारी बना दिया जो गहन जांच का विषय है और यहां आकर वही खेल इन्होंने खेलना शुरू कर दिया जिसे आप इनके ऊपर लग चुका था। एसईसीएल से जुड़े सूत्रों का कहना है कि पहले से ही भ्रष्टाचार के आरोपी जितेंद्र पांडे को एसईसीएल की सबसे महत्वपूर्ण और कमाई के मामले में नंबर वन खदान का रोड सेल प्रभारी कैसे बना दिया गया यह जांच का विषय है सूत्रों का यह भी दावा है कि एसईसीएल के नियम कानून के तहत इन्हें रोड सेल मे एसईसीएल के किसी भी खदान में नहीं रखा जा सकता। लेकिन यहां तो प्रभारी बनाकर अधिकारियों ने जैसे इनको खुली लूट की छूट दे रखी है।

### पूरे खेल का मास्टर माइंड सेल्स ऑफिसर

एसईसीएल की सोहागपुर एरिया की जीवनदायनी कहे जाने वाली मेगा प्रोजेक्टरामपुर बटुरा खुली खदान परियोजना इन दोनों कोयला चोरी रोड सेल में अवैध वसूली कोयला छांटकर दिया जाना नियम विरुद्ध मजदूरों से कोयला छटवाना बिना गेट पास पर्ची के रात के समय कोयला बेचना व आरोपी जितेंद्र पांडे को रोड सेल प्रभारी बनाकर वसूली करवाना] इन सब चीजों की जब हमारे संवाददाता ने पड़ताल की तो पता चला कि नीचे से लेकर ऊपर तक जो खेल खेला जाता है उसमें सबसे प्रमुख भूमिका एरिया सेल्स ऑफिसर की है जो की पर्दे के पीछे रहकर सारे काम को अंजाम दे रहे हैं। सोहागपुर क्षेत्र की कोयला खुली खदान रामपुर बटूरा के रोड सेल प्रभारी जिनकी अवैध वसूली इस समय चर्चा में है उससे ज्यादा अब इस बात की चर्चा है कि रोड सेल में ही सह इंचार्ज आमाडांड रहते हुए उनके ऊपर कई तरह के भ्रष्टाचार का आरोप लगा था और बाद में इनको यहां से रायगढ़ ट्रांसफर कर दिया गया लेकिन फिर अधिकारियों की चढ़ोत्तरी और जुगाड़ से वह रामपुर बटुरा रोड सेल प्रभारी बन गए जो की अवैधानिक है और इसके पीछे एसईसीएल के अधिकारियों की भ्रष्ट तंत्र जिम्मेदार है जिसकी जांच होनी चाहिए।

### खदान से कोयले की अवैध निकासी की भी आशंका

वही एसईसीएल से जुड़े सूत्रों का कहना है कि पहले से ही सेल्स ऑफिसर के सह पर कोयले के गोलमोल करने के आरोपी जितेंद्र पांडे के ऊपर कई बार खदान के अंदर से कोयले की अवैध निकासी की भी आशंका एसईसीएल के वरिष्ठ अधिकारियों से की जा चुकी है लेकिन जितेंद्र पांडे की किसी भी शिकायत को उच्च अधिकारी एक कान से सुनते हैं दूसरे कान से निकाल देते हैं। रामपुर बटुरा खुली खदान परियोजना में एरिया सेल्स मैनेजर के सह पर हो रहे तमाम भ्रष्टाचार की वहां के जनप्रतिनिधि श्रम संघ प्रतिनिधि व कर्मचारियों ने कोल इंडिया के कोयला मंत्री कोल इंडिया के अध्यक्ष एसईसीएल के सीएमडी डायरेक्ट पर्सनल विजिलेंस विभाग के साथ-साथ क्षेत्रीय महाप्रबंधक से मांग किया है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए ताकि काले हीरे की हेरा फेरी रूक सके।

## कर्मचारियों के शोषण पर आमादा नीलकंठ कंपनी

### भ्रष्टाचार एवं नियम विरुद्ध किए जा रहे कार्य के जांच की मांग

**अनूपपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह ने आमाडांड खुली खदान परियोजना में कार्यरत नीलकंठ कंपनी के द्वारा की जा रही हेरा फेरी एवं श्रमिकों के शोषण के विरोध में कोयला मंत्री भारत सरकार ,केंद्रीय सतर्कता आयुक्त ,कोल इंडिया के अध्यक्ष, एसईसीएल के अध्यक्ष सहप्रबंध निदेशक, मुख्य सतर्कता अधिकारी बिलासपुर को शिकायत पत्र भेज कर कार्यवाही की मांग की है।



भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह ने पत्र के माध्यम से मांग किया कि एसईसीएल जमुना कोतमा क्षेत्र के अंतर्गत संचालित खुली खदान परियोजना में पिछले कुछ समय से नीलकंठ कंपनी के द्वारा मिट्टी हटाने एवं कोयले का परिवहन करने की जिम्मेदारी ली गई है लेकिन नीलकंठ कंपनी के द्वारा मिट्टी हटाने और कोयला परिवहन करने के नाम पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार करने के साथ ही मजदूरों का शोषण किया जा रहा है। नीलकंठ कंपनी के द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार के कारण एसईसीएल को करोड़ों रुपए का नुकसान हो रहा है जिसकी जांच कर कार्यवाही की जाए ।

### मिट्टी और कोयला परिवहन के नाम पर की जा रही हेराफेरी

श्री सिंह ने कहा कि जमुना कोतमा क्षेत्र के आमाडांड खुली खदान परियोजना में कार्यरत नीलकंठ कंपनी के द्वारा ओबी हटाने एवं कोयला परिवहन करने के नाम पर बड़े पैमाने पर हेरा फेरी की जा रही है जिसकी जांच कराई जाए। कम मात्रा में ओबी हटाने और कोयला परिवहन का कार्य किया जा रहा है लेकिन फर्जी बिलों के माध्यम से कंपनी को करोड़ों रुपए की चपत लगाई जा रही है। नीलकंठ कंपनी में कार्य करने वाले मजदूरों का शोषण किया जा रहा है उन्हें एसईसीएल कंपनी द्वारा निर्धारित की गई मजदूरी का भुगतान नहीं दिया जा रहा है मनमाने दर पर मजदूरों को मजदूरी भुगतान कर उनका शोषण हो रहा है जिसकी जांच कराई जाए।

### श्रम कानून का हो रहा उल्लंघन

शिकायत में राजेश सिंह ने बताया कि कोयला खदान में मजदूरों को कार्य के दौरान टोपी बेल्ट लाइट गमबूट एवं अन्य सेफ्टी उपकरण उपलब्ध नहीं कराया जाता है जिससे उनके जीवन को हर समय खतरा बना रहता है। श्री सिंह ने कहा कि नीलकंठ कंपनी में कार्यरत कर्मचारियों से 8 घंटे के बदले 12 घंटे कार्य लिया जा रहा है जो कंपनी के दिशा निर्देशों के विपरीत है। श्रम कानून का उल्लंघन करते हुए नीलकंठ कंपनी मनमर्जी के मुताबिक श्रमिकों से काम ले रही है नीलकंठ कंपनी के द्वारा अभी तक एसईसीएल से कार्य के बदले लिए गए भुगतान और किए गए कार्यों की सूक्ष्म जांच कराई जाए।

### बिना प्रशिक्षण के लिया जा रहा कार्य

बिना बीटीसी एवं ईएमई प्रशिक्षण के ही खदान के अंदर भारी मात्रा में कर्मचारियों से कार्य कराया जा रहा है जिससे कभी भी दुर्घटना घटित हो सकती है। नीलकंठ कंपनी में कार्यरत कर्मचारियों को 10 से 20 हजार मासिक वेतन दिया जा रहा है और उनका शोषण किया जा रहा है जबकि प्रतिदिन 1345 के हिसाब से कर्मचारियों का भुगतान होना चाहिए। नीलकंठ कंपनी में कार्य करने वाले सभी कर्मचारियों का बायोमेट्रिक हाजिरी लगाने की व्यवस्था कराई जाए। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह ने नीलकंठ कंपनी के द्वारा की गई हेरा फेरी एवं भ्रष्टाचार तथा मजदूरों के शोषण से संबंधित उपरोक्त बिंदुओं की जांच करते हुए कड़ी कार्यवाही की मांग की है जिससे कि मजदूरों को न्याय मिल सके और एसईसीएल कंपनी को हो रहे नुकसान को रोका जा सके।

## अमरकंटक में होगा मध्य प्रदेश शिक्षक संघ का त्रिदिवसीय प्रांतीय अभ्यास वर्ग



**अनूपपुर।** मध्य प्रदेश शिक्षक संघ की प्रांतीय बैठक 9 एवं 10 अप्रैल पशु महाविद्यालय जबलपुर में आयोजित हुआ, उक्त बैठक में माह मई 10, 11, 12 को प्रांतीय अभ्यास वर्ग का आयोजन अमरकंटक में आयोजित करने का निर्णय लिया गया, इस प्रांतीय अभ्यास वर्ग में अखिल भारतीय शैक्षिक महासंघ के पदाधिकारी, मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के संपूर्ण प्रांतीय पदाधिकारी, प्रांतीय आयाम प्रकोष्ठ के समस्त पदाधिकारी, समस्त जिलों के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, संगठन मंत्री, महिला उपाध्यक्ष, महिला सह -सचिव कुल 6पदाधिकारी, सभी संभागों से अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, संगठन मंत्री कुल 4 पदाधिकारी प्रांतीय अभ्यास वर्ग में प्रतिभागी होंगे, जिनकी संख्या लगभग 300 होगी, मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के संभागीय अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त प्रांतीय अभ्यास वर्ग की तैयारी हेतु 20/4/2025 दिन रविवार को समय प्रातः 9 बजे से शहडोल एवं अनूपपुर जिले की बैठक शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बुढार बीआरसी भवन बुढार की प्रांगण में आयोजित की गई है, उमरिया जिले की बैठक उमरिया में दोपहर 1 बजे से आयोजित है, इस प्रांतीय अभ्यास वर्ग के आयोजन की समस्त जिम्मेदारी संभाग शहडोल के तीनों जिले क्रमशः शहडोल, अनूपपुर एवं उमरिया को सौंपा गया है। उक्त बैठक में तीनों जिले के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष सहित संपूर्ण कार्यकारिणी सहित तहसील, नगर, विकास खंडों के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष अपेक्षित हैं, जिला शहडोल, अनूपपुर, उमरिया के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष से आग्रह है कि आप सभी लोग अपने स्तर से समस्त इकाइयों के पदाधिकारी को सूचित करते हुए उक्त बैठक में अपने साथ उन्हें भी उपस्थित करना सुनिश्चित करेंगे, ताकि सभी इकाइयों से सहयोग प्राप्त हो सके मध्य प्रदेश शिक्षक संघ पूर्व पदाधिकारी को भी इस बैठक में उपस्थित होने हेतु आमंत्रित करें, प्रांतीय अभ्यास वर्ग की संपूर्ण सफलता आप सभी लोगों के तन, मन, धन से निष्ठा भाव से सहयोग पर ही निर्भर हैं, उक्त बैठक में प्रांतीय सचिव/ संभागीय प्रभारी महेंद्र त्रिपाठी एवं प्रांतीय आयाम प्रमुख अरुण कुमार मिश्रा जी का पाथेय हम सभी को प्राप्त होगा, गर्मी के मौसम को देखते हुए निर्धारित समय में आप सभी की उपस्थिति प्रार्थनीय है, 11 बजे तक बैठक अनिवार्य रूप से संपन्न कर सभी वरिष्ठ पदाधिकारी को 12:30 दोपहर तक जिला उमरिया की बैठक में उपस्थित होना है। उमरिया के अध्यक्ष महोदय से आगरा है कि सभी इकाइयों के पदाधिकारी को सूचित करते हुए निर्धारित स्थल पर उपस्थित करना सुनिश्चित करेंगे आप सभी लोगों से विनम्र आग्रह है कि उक्त कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे।

## पश्चिम बंगाल में हिन्दुओं के विरुद्ध हिंसा से नाराज लोगों ने की राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग



### अनूपपुर में विश्व हिन्दू परिषद ने किया विरोध प्रदर्शन

**अनूपपुर।** पश्चिम बंगाल में एक वर्ग विशेष द्वारा हिन्दुओं के प्रति लगातार लक्षित हिंसा करते हुए मार- पीट , हत्याएं , बलात्कार, लूट, आगजनी करते हुए हिन्दुओं के घरों, दुकानो, सम्पत्तियों को लूटा,तोडा और जलाया जा रहा है। इसके विरोध में देश भर मे आज विभिन्न हिन्दू संगठनों द्वारा जिला मुख्यालयों मे विरोध प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति के नाम पर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। अनूपपुर जिला मुख्यालय में भी 19 अप्रैल ,शनिवार को विश्व हिन्दू परिषद्, हिन्दू एकता मंच अनूपपुर सहित अन्य संगठनों द्वारा संयुक्त रुप से महामहिम राष्ट्रपति के नाम एडीएम दिलीप पाण्डेय को एक ज्ञापन सौंप कर पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की गयी। विश्व हिन्दू परिषद महाकौशल प्रांत, जिला अनूपपुर, हिन्दू एकता मंच अनूपपुर के साथ समस्त हिन्दू समाज के नेतृत्व में जिला मुख्यालय अनूपपुर मे 19 अप्रैल को दोपहर 4 बजे से धरना - प्रदर्शन किया गया। शिव- मारुति मन्दिर परिसर में अनूपपुर, राजेन्द्रग्राम, कोतमा, बिजुरी, राजनगर, चचाई सहित अन्य स्थानों से आए लोगों ने परिसर में सबसे पहले श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया। इसके बाद जिला मंत्री ने विरोध पत्र का वाचन किया। तत्पश्चात रैली निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया। कलेक्ट्रेट भवन के मुख्य द्वार पर एडीएम दिलीप पाण्डेय को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंप कर मांग किया कि वक्फ कानून के विरोध की आड़ में संपूर्ण बंगाल को जिस प्रकार हिंसा की आग में जलाया जा रहा है, हिंदुओं को प्रताड़ित किया जा रहा है, राष्ट्र विरोधी और हिंदू विरोधी तत्वों को निर्बाध रूप से अपने षडयंत्रों को क्रियान्वित करने की खुली छूट दी जा रही है, उससे स्पष्ट लगता है कि बंगाल की स्थिति अत्यधिक चिंताजनक है। मुर्शिदाबाद से प्रारम्भ हुई यह भीषण हिंसा अब संपूर्ण बंगाल में फैलती हुई दिखाई दे रही है। शासकीय तंत्र दंगाइयों के सामने केवल निष्क्रिय ही नहीं अपितु कई स्थानों पर इनका सहायक या प्रेरक बन गया है। इससे पहले कि स्थिति नियंत्रण से बाहर हो जाए, केंद्र सरकार को प्रशासन का नियंत्रण व संचालन अपने हाथ में लेकर राष्ट्र विरोधी व हिंदू विरोधी तत्वों को सजा दिलवानी चाहिए। इस अवसर पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिये एसडीओपी सुमित केरकेट्टा, नगर निरीक्षक अरविंद जैन पुलिस बल के साथ मुश्तैद दिखे।

## घायल कोबरा ने युवक को डसा, स्थिति नियंत्रण में

**अनूपपुर।** शुक्रवार की दोपहर के जैतहरी थाना एवं तहसील अंतर्गत गोबरी गांव में घर के पीछे मिट्टी ढेर को समतल कर रहे 45 वर्षीय बाबूलाल कोल को मिट्टी के ढेर में घायल स्थिति में बैठे कोबरा नांग साप ने पैर के पास डस लिया जिन्हें उपचार हेतु जैतहरी अस्पताल में भर्ती किया गया वहीं घायल कोबरा नाग का सर्प प्रहरियो द्वारा उपचार कर शनिवार की सुबह स्वतंत्र विचरण हेतु जंगल में छोड़ा। शुक्रवार की दोपहर जैतहरी तहसील एवं थाना अंतर्गत गोबरी गांव निवासी एवं ग्राम पंचायत गोबरी के सरपंच पति 45 वर्षीय बाबूलाल कोल जो अपने घर के पीछे ट्रैक्टर से लाये गए मिट्टी के ढेर को समतल कर रहे थे तभी अचानक खेत से जेसीबी से खोद कर लाये गये मिट्टी के साथ घायल चार फिट लम्बा अत्यंत जहरीला कोबरा नाग मिट्टी ढेर में फंसे होने पर पैर के पास डस दिया घायल बाबूलाल को उपचार हेतु जैतहरी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार पर उनकी स्थिति नियंत्रण में है वहीं घटना की जानकारी मिलने पर गोबरी पंचायत के ठेंगरहा के सर्पप्रहरी देवलाल कोल मौके पर पहुंचकर मिट्टी देर में दबे घायल कोबरा नांग का रेस्क्यू कर घायल होने की सूचना जिला मुख्यालय अनूपपुर के सर्पप्रहरी शशिधर अग्रवाल को दिये जाने पर शशिधर अग्रवाल जैतहरी अस्पताल पहुंच कर बाबूलाल से मिल कर चल रहे उपचार की जानकारी ले कर सर्पप्रहरी देवलाल के साथ बाबूलाल के घर पर रेस्क्यू कर डिब्बे में रखे गए कोबरा नांग को बाहर निकाल कर विभिन्न तरह की औषधि लगाकर उपचार करते सांप को पानी पिला कर कुछ ठीक होने की स्थिति में शनिवार की स्वतंत्र विचरण हेतु जंगल में छोड़ा गया।

BEST NURSING INSTITUTE IN CHHATTISGARH
स्वयं का चन्दूलाल चन्द्राकर मेमोरियल हॉस्पिटल नेहरू नगर भिलाई में प्रायोगिक प्रशिक्षण की सुविधा
उज्जवल भविष्य की ओर पहला कदम
सी.एम. नर्सिंग इंस्टीट्यूट
चन्दूलाल चन्द्राकर मेमोरियल हॉस्पिटल, नेहरू नगर भिलाई (छ.ग.)
9575932505, 9981441310, 9993095054
cmnursinginstitute@gmail.com
Limited Seat
छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा 2025-26
नर्सिंग संकाय
- बी.एस.सी (नर्सिंग)
- एम.एस.सी (नर्सिंग)
- पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. (नर्सिंग)
ADMISSION OPEN 2025-26
नर्सिंग (PNT) ऑनलाईन आवेदन दिनांक 02.04.2025 से 25.04.2025 तक


Affiliated : Indian Nursing Council, Delhi, Chhattisgarh Nurses Registration Council, Raipur
Pt. : Deendayal Upadhyay Memorial Health, Sciences and Ayush University of Chhattisgarh
ऑनलाईन आवेदन व्यापम के अधिकारिक वेबसाईट पर https://vyapamcg.cgstate.gov.in
Job Placement | Hostel Building | Laboratory Library | Transportation & Mess